भजन

दुनिया वालो, दुनिया वालो पूर्ण ब्रह्म के नाम का,
उनकी हर पहचान का,और उनके मुकाम का
जवाब दो,जवाब दो
दुनिया वालो धर्मो में तकरार क्यूँ
मजहब की दीवार क्यूं,भूला यह संसार क्यूं
जवाब दो,जवाब दो
1–मन्दिर मस्जिद और गुरूद्वारे,सारे ही खाली पाते हैं
पिक्चर,क्लब में दुनिया वाले,जोर शोर से जाते हैं
कोई हमको यह तो बता दो,इतना दुष्टाचार क्यूं
पाप का यह भण्डार क्यूं,नहीं दिलों में प्यार क्यूं
जवाब दो
2–दुनिया कहती एक है ईश्वर,एक की पर पहचान नहीं
एक तो है पर फिर वो कहां है,इतना किसी को ज्ञान नहीं
है कोई तो इतना बता दे,क्या उनका स्वरूप है
कैसा उनका रूप है,कहां वो रूप अनूप है
जवाब दो
3–अपने अपने धर्म बना कर,बांट लिया भगवान को
मंजिल एक न अपनाई है,भूल गया इन्सान तो
सच्चाई से प्यार नहीं है आज ये सबका हाल है
देखा देखी चाल है,तुमसे ये सवाल है
जवाब दो